तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


3

**श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं ने कृष्ण जन्म कथा का किया श्रवण**








## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम जारी

**कोरबा।** प्रयास बालक/कन्या आवासी विद्यालय कोरबा में कक्षा 11 वीं में रिक्त 20 सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा 24 अगस्त को आयोजित किया गया था। जिसमें कुल 66 में से 55 विद्यार्थी उपस्थित हुए थे। पेपर जांच पश्चात परीक्षा परिणाम, चयन सूची व प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा व प्रयास आवासीय विद्यालय में किया जा सकता है। चयनित विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज के साथ 30 अगस्त तक प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

### अग्निवीर भर्ती रैली हेतु पंजीयन आज

**कोरबा।** अग्निवीर भर्ती थलसेना में 2025-26 में ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए जिले के अभ्यर्थी जो निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के इच्छुक हैं। वे अपना उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में उपस्थित होकर 29 अगस्त तक पंजीयन करवा सकते हैं।

## आईएमए कोरबा की बैठक में निजी अस्पताल प्रबंधकों ने जताई चिंता

# निजी अस्पतालों ने आयुष्मान भारत योजना से बाहर होने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सभी आयुष्मान सूचीबद्ध निजी अस्पतालों ने आयुष्मान भारत (एबी-पीएमजेएवाय) योजना के अंतर्गत लम्बे समय से लंबित भुगतान को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। पिछले 5 वर्षों से अस्पतालों द्वारा हजारों आयुष्मान लाभार्थियों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। इसके बावजूद अस्पतालों को न तो समय पर भुगतान मिला है और न ही स्वीकृत राशि पूर्ण रूप से प्राप्त हुई है। जारी किए गए भुगतानों में भी भारी कटौतियाँ एवं रिकवरी बिना स्पष्ट कारण बताए की गई हैं। अस्पतालों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर 1 सितम्बर तक लंबित भुगतान जारी नहीं किया गया तो जिले के सभी निजी अस्पतालों के लिए आयुष्मान योजना के अंतर्गत उपचार जारी रखने पर पुर्नविचार किया जाएगा।

### प्रबंधन ने जताई चिंता

आईएमए कोरबा की अपात बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें निजी अस्पताल संचालकों ने आयुष्मान भारत के लंबित भुगतान को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। भुगतान नहीं होने की वजह से अस्पतालों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति हो गई है। मांगे पूरी नहीं होने पर राज्य स्तरीय आईएमए के साथ 1 सितंबर से आयुष्मान भारत के साथ कार्य बंद करने का निर्णय लिया गया है।

**-डॉ.एसके चंदानी,** डायरेक्टर, एनकेएच

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का मुख्य उद्देश्य देश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। इस योजना से लाखों मरीजों को राहत मिली है, लेकिन अब इस योजना के क्रियान्वयन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जिले के निजी अस्पतालों का जनवरी 2025 से अब तक का भुगतान लंबित है, जिसके चलते अस्पताल प्रबंधन वित्तीय संकट से जूझ रहा है। इसी गंभीर विषय को लेकर गुरूवार को इंडियन

⏭ शेष पेज 2 पर

### 31 को होगी बैठक

आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के संदर्भ में प्रदेश स्तरीय आईएमए की सेंट्रल कमेटी की बैठक 31 अगस्त को भिलाई में आयोजित की गई है जिसके बाद इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा फिलहाल केंद्र सरकार एवं आयुष्मान योजना की मॉनिटरिंग कमेटी के द्वारा पार्ट पेंमेंट किया गया है जिसके बाद अभी भी अनेक विसंगतियां मौजूद हैं। मैं केंद्र व राज्य सरकार तथा योजना की मॉनिटरिंग कमेटी का धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने पार्ट पेमेंट किया है।

**- डॉ अन्नपूर्णा बोर्डे**
अध्यक्ष, आईएमए कोरबा

### शासन-प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

आईएमए कोरबा ने शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील करते हुए कहा कि बकाया भुगतान का निपटारा समय पर किया जाए। तभी इस महत्वाकांक्षी योजना की सफलता सुनिश्चित हो सकेगी। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आम जनता को मुफ्त इलाज की सुविधा से वंचित होना पड़ेगा और इसका सबसे बड़ा खामियाजा गरीब तबके को ही भुगतना पड़ेगा। आईएमए का कहना है कि आयुष्मान भारत योजना तभी सफल हो सकती है, जब इसमें शामिल अस्पतालों को समय पर भुगतान मिले। यदि अस्पताल इस योजना से अलग हो जाते हैं, तो इसका सीधा प्रतिकूल प्रभाव आम जनता पर पड़ेगा। गरीब मरीजों को इलाज के लिए या तो महँगे निजी विकल्प चुनने होंगे या सरकारी अस्पतालों पर बोझ और बढ़ जाएगा।

### बैठक में अस्पताल प्रबंधन ने रखी अपनी समस्याएं

दवाइयाँ, इम्प्लांट्स, ऑपरेशन सामग्री और चिकित्सा उपकरण लगातार महँगे हो रहे हैं। कर्मचारियों का वेतन, बिजली-पानी, ऑक्सीजन, लैब और अन्य आवश्यक सेवाओं का खर्च अस्पतालों को अपनी जेब से वहन करना पड़ रहा है। भुगतान लंबित रहने से अधिकांश अस्पताल कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। इन परिस्थितियों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ देना दिन-ब-दिन कठिन होता जा रहा है। लगातार भुगतान न मिलने से अस्पतालों पर भारी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। यह स्थिति सीधे तौर पर गरीब एवं जरूरतमंद रोगियों के उपचार पर असर डाल रही है।

# 16 ग्राम चरस की तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशे के खिलाफ जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है और इस कारोबार से जुड़े लोगों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई भी कर रही है। इस कड़ी में जिला पुलिस की टीम को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से पुलिस ने चरस जप्त करने में सफलता हासिल की है। जिले को नशे के चंगुल से मुक्त कराने और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। पिछले सप्ताह बनारस से आरोपी साहित 18 हजार 965 नशीले टैबलेट पकडने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए चरस तस्करी में संलिप्त दो आरोपियों को 16.8 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को टीपी नगर क्षेत्र में चरस की अवैध बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना पर नशे के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 2 आरोपियों को उनके ठिकानों से धरदबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में टीपी नगर निवासी कुनाल सलुजा 24 वर्ष और तुषार लालवानी शामिल हैं। आरोपियों से तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन नग चरस (16.8 ग्राम चपाती के रूप में), चरस बिक्री का लेखा-जोखा दर्ज एक डायरी, रोलिंग पेपर तथा फिल्टर टिप जैसा आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 21 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।




## खबर संक्षेप



### युवा नेता उमेश ने किया मंत्री लखनलाल का स्वागत

**कोरबा।** श्रम एवं उद्योग मंत्री तथा विधायक लखनलाल देवांगन को हाल ही में आबकारी और सार्वजनिक उपक्रम विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष उमेश यादव के नेतृत्व में प्रशांति वृद्धाश्रम में भावपूर्ण व भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत मंत्री देवांगन को महामाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर हुई। इस दौरान महापौर संजू देवी राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल तिवारी, युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र देवांगन, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस आयोजन में यादव समाज के संरक्षक और पूर्वांचल विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष कमलेश यादव, समाजसेवी हरिकेश यादव, वरिष्ठ एवं अधिमान्य पत्रकार कृष्ण कुमार राठौर, बृजेश यादव, प्रमोद जांगड़े, सागर, टीवानी समेत बड़ी संख्या में युवा मोर्चा पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदेश की सब जूनियर किकबाक्सिंग टीम रवाना



**कोरबा।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में तमिलनाडु किकबाक्सिंग एसोसियेशन के तत्वाधान में नेहरू इनडोर स्टेडियम चेन्नई 27 से 31 अगस्त तक चिल्ड्रन एवं कैडेट (बालक बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 1400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले राज्य के सीनियर सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों का चयन कोरबा में आयोजित 12वीं राज्य स्तरीय किकबाक्सिंग प्रतियोगिता एवं गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इन्होंने बताया कि में उक्त प्रतियोगिता में किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में राज्य के 69 महिला पुरुष खिलाड़ी विभिन्न वजन वर्गो में भाग लेंगे।

### सामूहिक ऋषि पंचमी उद्यापन का हुआ अयोजन

**कोरबा।** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला ऋषि पंचमी व्रत धर्म, पवित्रता और सात्त्विक जीवन की साधना का प्रतीक है। अग्रवाल सभा व अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वधान में सामुहिक ऋषि पंचमी उद्यापन का अयोजन श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। अग्रवाल सभा व अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वधान में अयोजित सामुहिक ऋषि पंचमी उद्यापन के संबंध में अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल सभा व अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा यह अयोजन भव्य रूप से किया गया है, जिसमें विधवान पंडितों के द्वारा इस उद्यापन कार्यक्रम को सम्पन्न कराया जायेगा। ऋषि पंचमी में साधक के पाप तो नष्ट होते हैं और उसे सप्त ऋषियों का आशीर्वाद भी मिलता है। अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्षता श्रीमति मनीषा अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 71 जोडों के द्वारा सामुहिक रूप से ऋषि पंचमी का उद्यापन किया जा रहा है ऋषि पंचमी व्रत धर्म, पवित्रता और सात्त्विक जीवन की साधना का प्रतीक है। यह पर्व सप्त ऋषियों कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, जमदग्नि, गौतम, भारद्वाज और विश्वामित्र की स्मृति और वंदना का दिन है। वेदों के उपदेशक और धर्ममार्गदर्शक इन ऋषियों ने समाज को शास्त्रों की दिशा दिखाई।

### बुंदेली में भव्य डोम में सजेगा बाबा श्याम का दरबार

**कोरबा।** ग्राम बुंदेली में 30 अगस्त को आयोजित होने जा रहे 11वें श्री श्याम अखाड़ा की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए आयोजन समिति ने 25 हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र में एक भव्य डोम का निर्माण कराया है। इसमें लगभग 5 हजार श्रद्धालु एक साथ बैठकर भजन संध्या का आनंद ले सकेंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बाबा श्री श्याम के अलौकिक दरबार को विशेष रूप से सजाया जाएगा। मंच की भव्यता और श्रद्धा का वातावरण भक्तों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बनेगा। भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पार्किंग, बैठने, पेयजल और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है। भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम के भजनों की धुन में सभी भक्त झूम उठेंगे। इस अवसर पर फूलों की होली भी खेली जाएगी, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगा। समिति ने श्री श्याम रसोई की भी व्यवस्था की है।

## जगह जगह हुई गणेश प्रतिमाओं की स्थापना...



शीतला माता गणेश उत्सव समिति हरदीबाजार।



यादव गणेश उत्सव समिति पुरानी बस्ती।



गणेश उत्सव समिति थाना पीछे सराई सिंगार)।




जय श्रीराम गणेश उत्सव समिति सराई सिंगार मंच।



शान गणेश उत्सव समिति देवार पारा।

### श्रीमद्भागवत कथा का पांचवा दिन

# पूजा करनी है तो प्रकृति की करें व्यक्ति की नहीं : पं. मेहता





कथावाचक पं. विजय मेहता तथा कथा का रसपान करते श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पितृमोक्षार्थ गया श्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने बड़े ही मार्मिक कथा सुनाई। आज की कथा में विरह थी, माता-पिता के साथ संतान का बिछुड़ना, कृष्ण के साथ गोपी-गोपियों का बिछुड़ना, नंदराय-यशोदा के साथ कृष्ण का बिछुड़ना था। भगवान श्रीकृष्ण वृंदावन छोड़कर मथुरा गमन कर गए और कंस को मारकर 11 साल से कारागार में बंद अपने पिता वासुदेव और देवकी को छुड़ाना था। एक तरफ नंदराय-यशोदा के साथ विरह तो दूसरी ओर वासुदेव-देवकी के साथ मिलन की परमानुभूति थी। मार्मिक कथा सुनकर स्वयं कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता की आंखों में आंसू बह रहे थे तो दूसरी ओर श्रोतगण भी जीवन में विरह की कथा सुनकर भावुक होकर आंसू बह रहे थे। कथा जब संगीतमय मिल रही थी तो श्रोताओं के मन में कथा का प्रसंग आंखों में तैरने लगे और भगवान कृष्ण का मथुरा गमन के समय मां यशोदा की तीक्ष्ण और मार्मिक बातों का कृष्ण के पास कोई जवाब नहीं था। माता यशोदा को श्रीकृष्ण ने बस यही कहा-मां मुझे बड़ा काम करना है और धर्म की संस्थापना करनी है। भगवान कृष्ण ने कई राक्षसों सहित कंस को मारकर हिंसा का इतिहास बंद किया, वासुदेव-देवकी को कारागार से मुक्त किया और हस्तिनापुर जाने की तैयारी की कथा सुनाई और कहा कि मुझे महाभारत के जरिए धर्म की स्थापना करनी है। कृष्ण-रूक्मिणी विवाह की मनोरम कथा भी सुनाई। इस कथा के पूर्व पंडित विजय शंकर मेहता ने भगवान कृष्ण की वह लीला सुनाई, जब कृष्ण 7 साल के थे। कृष्ण ने देखा पूरा ब्रजवासी हाथ में थाली सजाकर घर से निकल रहे थे। कृष्ण ने मां यशोदा से पूछा- मां सभी ब्रजवासी कहां जा रहे हैं। उत्तर मिला-मानसून का समय आ रहा है और हम अच्छी वर्षा के लिए इंद्र की पूजा करने जा रहे हैं। भगवान ने इंद्र की पूजा रूकवाई और गोवर्धन की पूजा की। इंद्र रूष्ट हो गए, सात दिन तक भयंकर वर्षा हुई, सात साल के बालक ने एक ऊंगली में गोवर्धन को उठाया और ब्रजवासियों की रक्षा की। इंद्र का घमंड चूर हुआ। इंद्र आए तो कृष्ण से पूछा-आपने ऐसा क्यों किया? कृष्ण ने कहा-तुम लोगों के लिए बारिश का माध्यम हो, इस उपकार के बदले खुद की पूजा कराना भ्रष्टाचार है। कृष्ण ने कहा- प्रकृति की पूजा करें, व्यक्ति की नहीं।

# श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं ने कृष्ण जन्म कथा का किया श्रवण





कथावाचक श्री शास्त्री एवं कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

बिलोटिया परिवार के द्वारा आयोजित पित्र मोक्ष गया श्राद्ध श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन दीनदयाल मार्केट स्तिथ पीली कोठी कोरबा में आयोजित किया गया, जिसमें कथा वाचक आचार्य मृदुलकान्त शास्त्री वृंदावन धाम ने चौथे दिवस की कथा में श्रोतागणों को कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि एक बार सुखदेव महराज ने राजा परीक्षित को कथा सुनाया कि महराज कंश अपनी बहन देवकी की विवाह से इतना प्रसन्न थे कि वे स्वयं ही अपनी बहन देवकी व बहनोई वासुदेव का विवाह कराकर उन्हें अपने बहनोई के राज्य में छोड़ने के लिए निकल पड़ते हैं, तभी रास्ते मे आकाशवाणी होती है कि हे कंश तुम जिस बहन से इतना प्रसन्न हो उसी बहन की आठवी सन्तान तुम्हारा काल होगा यह सुन कंश अचंभित रह जाता है और वापस अपने राज्य आकर अपने बहन व बहनोई को कारागार में डाल देने का हुक्म देते हैं कारागार में डालने के बाद कंश अपनी बहन का वध करने का निर्णय लेता है जिसकी जानकारी होने पर वासुदेव कंश से विनती करते हैं कि महराज देवकी को मारकर तुम्हे क्या मिलेगा तुम्हे खतरा उसकी आठवी सन्तान से है मैं तुम्हे वचन देता हूं कि बारी बारी सभी सन्तान को मैं स्वयं तुमारे हवाले कर दूंगा इस पर कंश मांन जाता है और बारी बारी देवकी की पुत्रो की हत्या करने लगा तभी वो घड़ी आई ठीक रात के 12 बजे स्वयं भगवान नारायण कृष्ण के बाल रूप में देवकी की आठवीं सन्तान के रूप में जन्म लेते हैं जन्म लेने के पश्चात सभी सैनिक मूर्छित हो जाते हैं वासुदेव के हांथो में लगी बेड़ी अपने आप खुल जाती है फिर आकाशवाणी होती है कि वासुदेव इस आठवी सन्तान को तुम गोकुल में नंदलाल के यहां छोड़ आओ व वहां से यशोदा ने जो योग माया रूपी कन्या को जन्मी है उसे ले आओ वासुदेव ठीक वैसा ही करते हैं जैसा कि आकाशवाणी होती है उसके पश्चास्त कंश कृष्ण को मारने की कोशिश करता है।

# पूर्वांचल सर्व समाज विकास समिति ने मंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्वांचल सर्व समाज विकास समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह, महासचिव अरविन्द शर्मा, कोषाध्यक्ष सीके गुप्ता, सदस्य मो.साकिब अंसारी, दीपक कुमार राव, वीरेंद्र मिश्रा, कमलेश सिंह, किशोर मेहता, प्रभात शाही, शैलेश सोमवंशी सहित अन्य पदाधिकारियों ने उद्योग व आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन से भेंटकर नवीन दायित्वों और एल्युमीनियम पार्क के ज़मीन का मार्ग प्रशनस्त होने पर बधाई दी।

### एमपी-सीजी निर्देशालय का प्रतिनिधित्व करेगी मीनाक्षी



**हरदीबाजार।** जिले की बेटी थल सेना कैंप में छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। दिल्ली में एनसीसी कैडेट के बूटों की थाप गूंजेगी। सासह, समर्पण और अद्भुत परिचय के बूते मीनाक्षी ने सफलता हासिल किया है। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर मीनाक्षी राठौर ने कोरबा व छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। हरदीबाजार निवासी शिवनारायण राठौर की होनहार बिटिया का चयन मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ एनसीसी डायरेक्टोरेट में ऑल इंडिया थलसेना कैंप (टीएससी) के लिए हुआ है। खास बात यह है कि चयन प्रक्रिया में कैडेट्स को थलसेना में अपनाई जाने वाली गतिविधियों जैसे मैप रीडिंग, जजिंग डिस्टेंश, फील्ड सिंगनल,टेंट पीचिंग, व ऑब्सटेकल ट्रेनिंग कोर्स गुथ्था अन्य कई विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक व व्यक्तित्व निर्माण संबंधी विषयों की प्रतियोगिता से गुजरना होता है।

# विधायक ने भलपहरी में 67 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



कटघोरा विधानसभा क्षेत्र व पाली ब्लाक के अंतिम छोर ग्राम पंचायत भलपहरी (कला) में खनिज न्यास मद (डीएमएफ) एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण से कुल 67.47 लाख रुपए (सड़सठ लाख सैंतालीस हज़ार) के विकास कार्यों का भूमिपूजन बुधवार को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। इसमें सीसी रोड निर्माण लागत 10 लाख रुपए, तीन आंगनबड़ी 35.07 लाख रुपए, पीडीएस भवन 12.40 लाख रुपए, स्कूल बाउंड्री 10 लाख रुपए शामिल हैं। विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर तक विकास केवल भाजपा सरकार में पहुंच सकती है,गांव में इन सभी विकास कार्यों की बहुत ही ज़रुरत थी,खास कर स्कूल भवन के बांड्रीवाल बन जाने से बच्चे व भवन सुरक्षित रहेगी सीसी रोड़ बनने से अब गांव के लोगों को कीचड़ में चलने से राहत मिलेंगी, जर्जर पूरा भवन होने से बहुत सी समस्या थी नऐ पीडीएस भवन बन जाने से अब यह समस्या भी दूर हो जाएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम रघुराज सिंह उईके, ग्राम पंचायत भलपहरी के सरपंच श्रीमती सावित्री मरावी, सरपंच प्रतिनिधि कामता प्रसाद मरावी, उपसरपंच प्रहलाद राठौर, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा छोटेलाल पटेल, शिवरतन राठौर, राजकुमार राठौर, संतोष राठौर, श्याम सिंह पंच हेमंत सिंह,रामायण,त्रिभुवन, अमरीका बाई, सुहाना बाई, रामप्यारी, गनपत, एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी की उपस्थिति थे।

### ग्राम धतुरा व बम्हनीकोना में भी हुआ भूमिपूजन

ग्राम पंचायत घतुरा एवं ग्राम पंचायत बम्हनीकोना में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने विधिवत किया। धतुरा में सी.सी रोड ज्ञान विज्ञान स्कूल से सागर घर तक निर्माण कार्य लागत 10.40 लाख रुपए, प्राथमिक शाला में शेड निर्माण लागत 20 लाख रुपए,बम्हनीकोना में पी.डी.एस.भवन निर्माण लागत 12.40 लाख रुपए का भूमिपूजन किया।

# देवशिल्पी मजदूर कल्याण समिति गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



प्रदर्शन करते मजदूर देवशिल्पी मजदूर कल्याण समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एनटीपीसी सीपत में कार्यरत मजदूर जो दीपका सेलों से सीपत तक गेट मेन, टली मेन, गैंन मेन, किमेंन, पेट्रोलिंग सभी साथ मिल कर देवशिल्पी मजदूर कल्याण समिति के तत्वावधान में नेवसा ओवरब्रिज के नीचे अनिश्चितकालिन हड़ताल पर गुरुवार की सुबह 8 बजे से टेंट लगाकर बैठे है। एनटीपीसी सीपत के अधिकारियों से अपनी मजदूरी से जुड़ी समस्या को लेकर मजदूर विगत कई वर्षों से मजदूरी दर बढ़ने की मांग कर रहे थे। कुछ माह पूर्व कोरबा लोक सभा संसद ने भी मजदूरों को हितों को लेकर उनकी मजदूरी दर बढ़ाने के लिए प्रबंधन को पत्र लिखा था। वहीं एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने भी एनटीपीसी सीपत के महाप्रबंधक को पत्र लिखे लेकिन प्रबंधन के तरफ से किसी प्रकार की दिलचस्पी मजदूरों के हितों को लेकर नही दिखाई। समिति के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल ने बताया कि अब हम अपने हक की लड़ाई के लिए अनिश्चितकालिन मजदूर हड़ताल में नेवसा ओवरब्रिज नंबर 29 किलोमीटर के नीचे शांति पूर्वक टेंट लगाकर बैठे हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष रहस लाल सूर्यवंशी ने बताया कि हमारे कार्यरत मजदूरों को उनके हक नहीं दी जा रही है और जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे। बैठक में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनमोहन सिंह राठौर स्वास्थ्य ख़राब होने के बावजूद मजदूरों के अधिकारों के लिए उनके के साथ मिलकर अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठे नजर आए, मनमोहन राठौर का कहना है कि सांसद व मेरे द्वारा लिखे पत्र का भी एनटीपीसी सीपत प्रबंधन ने इस समस्या पर चर्चा करना भी मुनासिब नहीं समझा जब तक प्रबंधन हड़ताल स्थल पर आकर चर्चा नहीं करती मांग पूरा नहीं करती तब तक यह हड़ताल चलती रहेगी। मेरा पूरा समर्थन मजदूर भाईयों के साथ है ।

### बालको में गणेश चतुर्थी उत्सव, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया। संयंत्र के विभिन्न जगहों पर भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक रंग देखने को मिला। बालको के सीईओ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे स्टाफ के साथ मिलकर श्रीगणेश पूजन किया और सभी के लिए सुख, समृद्धि और कार्यसिद्धि की कामना की। मंत्रोच्चारण और गणपति आरती से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

देश शाम बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने जीईटी हॉस्टल में युवा कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ सामूहिक रूप से भगवान गणेश की विधिपूर्वक पूजा आराधना की। कार्यक्रम के अंत में मोदक का प्रसाद वितरण किया गया और सभी कर्मचारियों एवं अतिथियों ने प्रसाद ग्रहण कर शुभकामनाएँ दीं। इस विशेष अवसर पर उन्नति परियोजना से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जीईटी हॉस्टल में स्टॉल लगाकर, आत्मनिर्भरता को और सशक्त किया। गणेश चतुर्थी जैसे पर्व संगठन में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और बालको परिवार हर वर्ष इसे पूरे उत्साह के साथ मनाता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### निजी अस्पतालों ने..

मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कोरबा की एक आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सभी अस्पताल संचालकों ने अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और स्पष्ट कहा कि बीते 7-8 महीनों से लगातार भुगतान लंबित रहने के कारण निजी अस्पतालों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि वे लगातार मरीजों को बेहतर सेवाएँ दे रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की उदासीनता ने स्थिति को विकट बना दिया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर 31 अगस्त तक लंबित बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो कोरबा आईएमए और निजी अस्पताल भी राज्य स्तरीय आईएमए के साथ मिलकर 1 सितंबर से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्य बंद कर देंगे। आईएमए कोरबा ने अपनी अपील में कहा कि अब तक निजी अस्पतालों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान योजना का भरपूर सहयोग किया है, परंतु लगातार भुगतान न मिलने से अस्पतालों की वित्तीय स्थिति गंभीर संकट में है। अस्पतालों ने स्पष्ट कहा कि अगर स्थिति का शीघ्र समाधान नहीं निकला, तो मजबूरन उन्हें योजना से बाहर होना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधकों ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से त्वरित हस्तक्षेप कर सभी लंबित भुगतान जारी करने, अनुचित कटौती रोकने तथा पारदर्शी एवं समयबद्ध भुगतान व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### कोरबा बना ताइक्वांडो का गढ़ सभी वर्गों में मारी बाज़ी

**कोरबा।** अंबिकापुर स्थित गांधी स्टेडियम मल्टीपर्पज़ हॉल में आयोजित 21वीं सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं 8वीं कैडेट स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कोरबा ने अपनी प्रतिभा और पराक्रम से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के तीनों दिन तिंदो तक गूंजती रही खिलाड़ियों की जीत की गूंज और इसी जोश ने कोरबा को ऑल ओवर चैंपियन बना दिया। जूनियर से सीनियर वर्ग तक, हर वर्ग में कोरबा ने झंडा गाड़ दिया। जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव लोकेश राठौर ने कहा यह विजय केवल पदकों का हिसाब नहीं है, बल्कि यह मेहनत, अनुशासन और जज़्बे की जीत है। कोरबा के बच्चों ने साबित कर दिया है कि वे हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा आपकी निखरी हुई लाड़िया (प्रतिभाएं) आने वाले कल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि कोरबा के खिलाड़ियों ने अपने परिश्रम और आत्मविश्वास से यह उपलब्धि हासिल कर हम सबका सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। यही युवा हमारी असली पूंजी हैं और आने वाले समय में देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ की पहचान इन्हीं के दम पर बनेगी।

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने किया गया पौधरोपण

**कोरबा।** दीपका नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष स्व.बुगल कुमार दुबे के जन्मदिन के अवसर पर नगर में सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मणि कंचन केंद्र में स्वच्छता दीदियों को साड़ी वितरण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे, भवदीप दुबे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोज दुबे, महामंत्री धरम तिवारी, मुकेश जायसवाल, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद सुजीत सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद ज्योति तिवारी, पार्षद सविता कंवर आदि शामिल थे।

## सांसद ने की योजनाओं की समीक्षा

# अपनी जिम्मेदारी समझते हुए विकास के कार्यों को प्राथमिकता दें अधिकारी : महंत



बैठक लेती सांसद ज्योत्सना महंत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि जिले के अधिकारी जनहित के कार्यो को प्राथमिकता दें और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर जिले के विकास से जुड़ी हुई कार्यां को समय पर करायें ताकि संबंधित क्षेत्र के लोग उसका लाभ उठा सकें। उन्होंने का कि जो भी महत्वपूर्ण कार्य है, उन कार्यों के संबंध में संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी सूची दें और जनता जरूरत वाले कार्यों एवं मांग को अवगत कराये। सांसद श्रीमती महंत ने लोगो को बेहतर स्वास्थ्य, बच्चों को अच्छी शिक्षा, पेयजल उपलब्धता के लिए जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से करने और दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में आवगमन के लिए बेहतर सड़क, आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता और उपस्थिति, मनरेगा के कार्यों को समय पर पूर्ण करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित करने की दिशा में सभी को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

सांसद श्रीमती महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद श्रीमती महंत ने कोरबा जिले में मनरेगा के कार्यों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए एंबुलेंस की तैनाती सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने दिए गए लक्ष्य के अनुरूप मनरेगा के कार्यो को समय पर पूर्ण करने, पीएम आवास योजना में वंचित परिवारों के नाम जोड़ने, समय पर मजदूरी भुगतान के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने बारिश में क्षतिग्रस्त हुए सड़को के मरम्मत कराने, पात्र हितग्राहियों के नाम पेंशन योजना में जोड़ने, गांव में जल उपलब्ध कराने से पूर्व स्त्रोत का पता लगाकर टंकी का निर्माण कार्य करने, नगर पांचायत पाली में पेयजल आपूर्ति हेतु सैला डेम एवं खदान क्षेत्र में उपलब्ध पानी का उपयोग करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रो में दवाइयों की उपलब्धता, रेबीज, सर्पदंश के उपचार के लिए एण्टी स्नेक, घायलों और पीड़ितों की आवश्यकताओं को देखते हुए जरूरत के समय एम्बुलेंस, पोस्टमार्टम की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए गए। सांसद श्रीमती महंत ने कोरबा जिले में गंभीर दुर्घटनाओं के दौरान सिटी स्कैन और एमआरआई की आवश्यकताओं को देखते हुए जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में पीमएश्री विद्यालयों में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने, सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षक की व्यवस्था, किसानों को खाद तथा पीडीएस दुकानों में चना सहित अन्य खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, ई-श्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, सांख्यिकी विभाग, नगर पालिक निगम, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, डिजीटल इण्डिया, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### सड़क दुर्घटनाओं की करें रोकथाम

सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिए। बैठक विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, विधायक पाली तुलेश्वर सिंह मरकाम, में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह कंवर, प्रभारी कलेक्टर आशुतोश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर देवेंन्द्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा सहित पीडब्ल्यूडी, यातायात विभाग एवं अन्य जनप्रतिनिधि व संयंत्रों के अधिकारी उपस्थित थे। सांसद श्रीमती महंत ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए और सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। सांसद श्रीमती महंत ने दुर्घटनाजन्य स्थानों में गति अवरोधक का निर्माण, सड़क से मवेशियों को हटाने की कार्यवाही, बिना हेलमेट के वाहन चलाने, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में सांसद श्रीमती महंत को एसपी श्री तिवारी ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास व सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में किए गए कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में पहल करते हुए सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के निर्देश दिए।

# एसईसीएल के लिए सरपंच पर प्रशासनिक दबाव बनाना नहीं होगा बर्दाश्त



बैठक के दौरान उपस्थित ग्रामीण।

**खास बात**

- पंचायत भवन में ग्रामीणों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार का आंशिक अधिग्रहण दीपका कोयला खदान विस्तार के लिए 2004-2010 में अधिग्रहण किया जा चुका है। जिसकी डीआरसी बैठक 3 अप्रैल को कलेक्टर सभागार में हो चुकी है। जहां ग्रामीणों की मांगों को दरकिनार कर दिया गया था। आज तक एसईसीएल दीपका प्रबंधन नौकरी के लिए कट-आउट लिस्ट जारी नहीं की, न कितने लोग बसाहट के पात्र हैं, ग्रामवासियों की 17 सूत्रीय मांगों पर भी प्रबंधन मौन है, ऐसे में एसईसीएल दीपका प्रबंधन जबरन मकान नापी, सर्वे का कार्य करने की कोशिश कर चुकी है, जिसका विरोध भी ग्रामवासियों के द्वारा किया गया था। उसके बाद से जिला प्रशासन कभी तहसीलदार के माध्यम से तो कभी एसडीएम के माध्यम से तो बुधवार को पाली सीओ के माध्यम से सरपंच पर कलेक्टर के साथ बैठक करने का दबाब बनाया जा रहा है जबकि ग्रामवासियों व सरपंच ने कहा दिया है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन व ग्रामीणों की त्रिपक्षीय वार्ता हरदीबाजार में ही हो। जिसके संदर्भ में पुनः गुरुवार को 11 बजे पंचायत भवन में ग्रामवासियों व पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक रखी गई थी जिसमें सभी ने साफ़ शब्दों में कह दिया है कि एसईसीएल दीपका संबंधी जो भी समस्या है उसकी बैठक ग्रामवासियों के साथ हरदीबाजार में ही हो चाहे तहसील भवन, समुदायिक भवन या पंचायत भवन फिर भी प्रशासन बार-बार सरपंच पर बैठक करने दबाब बना रहा ये न्यायोचित नहीं है। इसे हम सभी ग्रामवासी बर्दाश्त नहीं करेंगे। बैठक में सरपंच लोकेश्वर कंवर, नरेश टंडन, बाबूराम राठौर, अरुण राठौर,उप सरपंच प्रतिनिधि रामू जायसवाल, रामायण यादव, मनीराम भारती, राजेश जायसवाल, भुनेश्वर राठौर, नरेंद्र राठौर, अनिल टंडन, रेखराम पांडेय, रामेश्वर यादव, सुरेंद्र राठौर, दिलीप राठौर, रवि राठौर, लेखराम राठौर, विक्की जायसवाल, राज ओग्रे, कीर्ति सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पंचायत सचिव मुख्यालय से गायब, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उरगा में पदस्त पंचायत सचिव भरत लाल श्रीवास अपने मुख्यालय में नहीं रहते और पंचायत भवन में समय पर कभी भी उपलब्ध नहीं रहते जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जा रही है। गांव के लोग पंचायत स्तर व सामाजिक कल्याण के कार्य करवाने रोज पंचायत भवन के चक्कर काट रहे हैं।

ग्रामीणों से पूछने पर पता चला कि मुश्किल से हफ्ते में एक या दो बार ही पंचायत भवन में बैठकर काम काज निपटाते हैं। ग्राम पंचायत उरगा में पदस्त सचिव भरत लाल श्रीवास अपने मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर करतला जनपद के ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर से आना जाना करते हैं और महज एक घंटे बैठकर भवन में ताला लगाकर चल देते है। सचिव मनमानी तरीके से समय मिलने पर आते और जाते है जिससे ग्रामीणों को काफी समस्याएं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जन्म मृत्यु पंजीयन, राशन कार्ड, पेंशन, सामाजिक कल्याण के कार्य सहित कई अन्य कार्यों के लिए बार बार पंचायत भवनों के चक्कर काटना पड़ रहा है। ग्राम में प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में सचिव की नियुक्ति की जाती है लेकिन अक्सर देखा जाता है कि सचिव अपने मुख्यालय में नहीं रहते जिससे पंचायत के कार्य प्रभावित होते हैं और ग्रामीणों को अपना कार्य करवाने के लिए भटकना पड़ता है। अब देखना है कि समाचार प्रकाशन के बाद प्रशानिक अमला हरकत में आता है और व्यवस्था में सुधार होता है या नहीं।



**आज राष्ट्रीय खेल दिवस है,** जो हर साल 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के दिन मनाया जाता है। ध्यानचंद ने भारत को ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक दिलवाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय हॉकी को पहचान दिलाई. उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उनके जन्मदिन 29 अगस्त को हर वर्ष भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ध्यानचंद शुरुआती शिक्षा के बाद 16 साल की उम्र में साधारण सिपाही के तौर पर भर्ती हो गए। जब फर्स्ट ब्राह्मण रेजीमेंट में भर्ती हुए उस समय तक उनके मन में हॉकी के प्रति कोई विशेष दिलचस्पी या रुचि नहीं थी। ध्यानचंद को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित करने का श्रेय रेजीमेंट के एक सूबेदार मेजर तिवारी को है। ध्यानचंद ने तीन ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और तीनों बार देश को स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने 1932 में 37 मैच में 338 गोल किए, जिसमें 133 गोल ध्यानचंद ने किए थे, दूसरे विश्व युद्ध से पहले ध्यानचंद ने 1928 (एम्सटर्डम), 1932 (लॉस एंजिल्स) और 1936 (बर्लिन) में लगातार तीन ओलंपिक में भारत को हॉकी में गोल्ड मेडल दिलाए। हॉलैंड में एक मैच के दौरान हॉकी में चुंबक होने की आशंका में उनकी स्टिक तोड़कर देखी गई।





















## खबर संक्षेप

### आरपी नगर फेस-1 में हास्य कवि सम्मेलन आज

**कोरबा।** युवा गणेश उत्सव समिति, आरपी नगर द्वारा इस वर्ष भी धूमधाम से गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु यादव ने बताया कि गणपति बप्पा का स्वागत इस बार पारंपरिक महाराष्ट्रीयन ढोल-ताशा और भव्य आतिशबाजी के साथ किया गया। भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा घंटाघर से प्रारंभ होकर फेस-1 मैदान में सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष साईंराम शर्मा, सचिव डब्बू अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मानस पीएम ने बताया कि प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 29 अगस्त की रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कवि सम्मेलन का संयोजन वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर कवयित्री डॉ. अंजना सिंह द्वारा, जबकि संचालन भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में सेवारत, देश के सुप्रसिद्ध हास्य कवियों में शुमार सुप्रसिद्ध हास्य कवि हीरामणी वैष्णव करेंगे। कार्यक्रम में देशभर के नामी कवि अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को हँसी और उत्साह से भर देंगे, जिनमें देवघर से हास्य गीतकार अमित देवघरिया, रीवा से हास्य कवि अमित शुक्ला, इंदौर से ओज कवि हिमांशु हिंद, नरसिंहपुर से हास्य कवि विकास बैरागी और अकलतरा से हास्य कवि बंशीधर मिश्रा शामिल हैं।

### देवेन्द्र अध्यक्ष एवं सनत बने जिला सचिव



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ राज्य के निर्देशानुसार जिला संघ में शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें रामकृपाल साहू राज्य कार्यसमिति सदस्य/चुनाव अधिकारी एवं के, आर, टंडन सहा, जिला, क्रीडा अधिकारी कोरबा पर्यवेक्षक के समक्ष शिक्षक सदन घंटाघर में चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष देवेन्द्र महतो, जिला सचिव सनत कालेलकर, महिला प्रतिनिधि श्रीमती सावित्री जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कंवर, प्रदीप मिंज, उपाध्यक्ष गौरीशंकर जायसवाल, मानस केशरवानी, अजीत शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्णा गढेवाल, मिडिया प्रभारी डॉ पुष्पराज राजपूत, सहायक प्रवीण सिंह राजपूत, सहसचिव विशाल दुबे, जिला प्रवक्ता संदीप गौरहा, जिला संयोजक देवेन्द्र सिंह राजपूत ,सलाहकार अजय दुबे, संरक्षक केआर टंडन एवं रामकृपाल साहू खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा कार्यकारणी सदस्य में नवल किशोर उपाध्याय, इंदर सिंह आयाम, विवेकानंद गोपाल, सुमित सिंह प्रियंका चौहान, आदि सर्व सम्मति से चुने गये। जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा ने तारकेश मिश्रा किक बाक्सिंग एसोसिएशन, कमलेश देवांगन ताइक्वांडो/कराते संघ आदि ने शुभकामनाएं दी।

### कनौजिया राठौर समाज ने भाजपा जिलाध्यक्ष से की मुलाकात

**कोरबा।** कनौजिया राठौर समाज के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी से मुलाकात किया। उक्त कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आहूत की गई। जहां कनौजिया राठौर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोदी का स्वागत किया। इस दोरान राठौर समाज के पदाधिकारियों द्वारा समाज की आवश्यकताओं के बारे में श्री मोदी जी को अवगत कराया। श्री मोदी ने कनौजिया राठौर समाज की आवश्यकताओं को जाना और उसे पूर्ण करने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि हम विकसित भारत के मिशन पर है जिसे 2047 तक पूरा करने का संकल्प प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया है और हम सब भी इस संकल्प में कैसे अपनी भागीदारी सिद्ध करें यह हमें सोचने का समय है क्योंकि यह हमारी राजनीतिक, सामाजिक के अलावा व्यक्तिगत जवाबदारी भी है ताकि हम हमारे आने वाली पीढ़ी को एक नए आत्मनिर्भर विकसित भारत दे सके। इस कार्यक्रम में कनौजिया राठौर समाज के अध्यक्ष सीताराम राठौर, सचिव हरीश राठौर, कोषाध्यक्ष छवि राठौर, विजय राठौर गोविंद राठौर के साथ काफी संख्या में राठौर समाज के लोग उपस्थित रहे।

सहमति आवेदन को केन्द्रीय वन जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बढ़ाया आगे

# रजगामार खदान पुनः शुरू करने आमजनों से मांगा गया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

एसईसीएल की बंद पड़ी भूमिगत रजगामार खदान पुनः चालू करने की कवायद शुरू कर दी गई है। पर्यावरण मंत्रालय से एसईसीएल ने अनुमति मांगी थी, इस पर केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने खदान के पुर्नवैधीकरण की सहमति के आवेदन को आगे बढ़ाया है और छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने आमजनों से आपत्ति और सुझाव मंगाए हैं।

कोल इंडिया की संबद्ध कंपनी एसईसीएल कोरबा अंतर्गत रजगामार की 6-7 नंबर खदान पिछले 11 वर्षों से बंद है, जबकि खदान में कोयला का भंडार है। कोरबा क्षेत्र की इस खदान को पुनः उत्पादन में लाने की कोशिश की गई थी, पर पर्यावरण मंजूरी नहीं मिलने से प्रक्रिया लटक गई थी। हालांकि प्रबंधन ने अपने स्तर पर प्रयास कम नहीं किया और लगातार पत्राचार किया। इसके लिए केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के समक्ष पुर्नवैधीकरण की सहमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने विज्ञापन जारी कर खदान के पुर्नवैधीकरण के लिए आमजनों से आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। खदान क्षेत्र के आसपास निवासरत लोगों को आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद पुर्नवैधीकरण की मंजूरी दी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि रजगामार खदान का लीज क्षेत्रफल 3486.577 हेक्टेयर है। खदान की सालाना उत्पादन क्षमता 0.45 मिलियन टन है। इस खदान से वर्ष 1995 में उत्पादन शुरू हुआ था। बाक्स

**एमडीओ मोड में होगा संचालन**

रजगामार और सिंघाली खदान को पुर्नवैधीकरण का प्रमाण पत्र जारी होने के बाद इसका संचालन निजी कंपनियों को दिया जाएगा। एमडीओ मोड और रेवेंयू शेयरिंग आधार पर निजी कंपनी द्वारा खदान से कोयला उत्पादन किया जाएगा। रजगामार खदान के लिए कंटीव्यूअर्स माइनर मशीन भी मंगाई जा रही है, ताकि आधुनिक ढंग से कोयले की निकासी की जा सके।

# ईपीएफओ 3.0 जल्द होगा लॉन्च पीएफधारियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अगर आप नौकरीपेशा हैं और हर महीने पीएफ अकाउंट में पैसा जाता है, तो आपके लिए बड़ी खुशखबरी है। ईपीएफओ का नया डिजिटल प्लेटफॉर्म ईपीएफओ 3.0 जल्द ही लॉन्च होने वाला है। इसके आने के बाद पीएफ से जुड़ी कई बड़ी परेशानियां खत्म हो जाएंगी और आपको पैसा निकालने से लेकर क्लेम करने तक हर काम आसान हो जाएगा।

ईपीएफओ 3.0 को जून 2025 में लॉन्च होना था, लेकिन टेक्निकल टेस्टिंग की वजह से देरी हुई है। उम्मीद है कि अब जल्द ही यह प्लेटफॉर्म सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने नए वर्जन ईपीएफओ 3.0 को लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। इस प्लेटफॉर्म का मकसद है पीएफ सर्विस को तेज, आसान और पूरी तरह डिजिटल बनाना केन्द्र सरकार ने इसके लिए इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस जैसी बड़ी आईटी कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया है। नए प्लेटफॉर्म पर पीएफ निकासी यूपीआई के जरिए भी हो सकेगी। यानी गुगल पे, फोन पे, पेटीएम जैसे ऐप से भी पैसा निकालना आसान हो जाएगा। यह खास तौर पर इमरजेंसी में बहुत मददगार साबित होगा। ईपीएफओ 3.0 के आने के बाद आप अपने पीएफ अकाउंट से सीधे एटीएम से पैसे निकाल पाएंगे। जैसे बैंक अकाउंट से कैश निकलता है, वैसे ही पीएफ का पैसा भी तुरंत मिलेगा। इसके लिए यूएएन एक्टिव होना और बैंक अकाउंट से आधार लिंक होना जरूरी होगा। अब पीएफ क्लेम और पर्सनल डिटेल्स में बदलाव के लिए ऑफिस के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। सब कुछ ऑनलाइन होगा और सिर्फ ओटीपी से करेक्शन हो जाएगा। क्लेम स्टेटस भी आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा।

**खास बात**

- एटीएम से सीधे पीएफ विड्राल की मिलेगी फैसिलिटी

### आंगनबाड़ी में चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कालोनी आईटीआई रामपुर निवासी श्रीमती उर्मिला भारती उम्र 56 वर्ष पति हरदेव भारती आंगनबाडी क्र. 1 रामपुर में कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ है। 26 अगस्त की रात्रि लगभग 11.30 बजे से 27 अगस्त की सुबह 9.30 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर आंगनबाड़ी केन्द्र के दरवाजा का ताला तोडकर केन्द्र में रखे गैस सिलेंडर, बंद पेटी में रखे दो बोरी दलिया और टीवी को चोर कर फरार हो गया है। उर्मिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

# कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे-130 पर अंधेरा बन रहा हादसों का सबब



कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग जहां स्ट्रीट लाइट पड़ी है बंद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा से चंदनपुर तक नेशनल हाईवे-130 पर अंधेरा अब मौत का कारण बनता जा रहा है। सड़क किनारे लगी लाइटें कई महीनों से बंद पड़ी हैं लेकिन उनकी मरम्मत पर न तो जिम्मेदार ठेका कंपनी ध्यान दे रही है और न ही प्रशासन सक्रिय हो रहा है। नतीजतन रात के समय यह पूरा 20 किलोमीटर लंबा मार्ग खतरनाक साबित हो रहा है।

**खास बातें**

- कई महीनों से बंद हैं स्ट्रीट लाइटें
- प्रशासन और ठेका कंपनी की लापरवाही से बढ़ रहा हादसों का खसरा

पिछले कुछ दिनों में इस मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों की जान सड़क दुर्घटना में चली गई। इसके अलावा दर्जनों मवेशी भी वाहन दुर्घटनाओं का शिकार होकर अपनी जान गंवा चुके हैं। हाईवे पर तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों को घने अंधेरे में न तो सामने से आती गाड़ियां दिखती हैं और न ही अचानक सड़क पर आ जाने वाले इंसान या मवेशी। इससे हादसों की आशंका और बढ़ जाती है। रात ढलते ही पूरा हाईवे घने अंधेरे में डूब जाता है। ऐसे में वाहन चालक न तो सड़क को साफ देख पाते हैं और न ही आसपास की गतिविधियों का अंदाजा लगा पाते हैं। नतीजा यह होता है कि जरा सी चूक बड़े हादसे का रूप ले लेती है। इस स्थिति में न सिर्फ यात्रियों की जान खतरे में है बल्कि बेजुबान मवेशी भी आए दिन काल के गाल में समा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द हाईवे पर बंद पड़ी लाइटों को चालू किया जाए। साथ ही जिम्मेदार कंपनी और प्रशासन को सुरक्षा की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। लोगों का कहना है कि अब और जानें बर्बाद न हों, इसके लिए त्वरित कदम उठाना जरूरी है।

**प्रशासन और कंपनी पर सवाल**

नेशनल हाईवे-130 पर दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही होती है। यह मार्ग आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा की सबसे बुनियादी व्यवस्था यानी लाइटों को दुरुस्त करने में लापरवाही बरती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिलीप बिल्डकॉन कंपनी द्वारा इस मार्ग का निर्माण किया गया था लेकिन कंपनी ने लाइटों की देखरेख की जिम्मेदारी निभाने में कोताही बरती है। वहीं प्रशासन भी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब हादसों की सीधी वजह अंधेरा है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

# 15 फीट लंबा पहरचित्ती घुसा घर में, ग्रामीणों ने देखा तो उड़ गए होश, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



किंग कोबरा का रेस्क्यू करते वन अमले की टीम।

कोरबा के जंगल में किंग कोबरा की चहलकदमी लगातार बढ़ती जा रही है और बढ़ते कुनबे की वजह से एक बार फिर से एक विशालकाय किंग कोबरा (पहरचित्ती) एक ग्रामीण के घर में जा धमका था। जैसे ही वन अमले को इसकी सूचना मिली वन विभाग के अधिकारियों की टीम पहुंची और विशालकाय किंग कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर फिर से उसे जंगल में छोड़ा गया है।

कोरबा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में किंग कोबरा की धमक बढ़ती जा रही है। बुधवार की रात पसरखेत रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम मदनपुर निवासी अजय कुमार सिदार के घर करीब 15 फीट लंबा विशालकाय किंग कोबरा उनके घर में आकर बैठ गया। अचानक इतने बड़े किंग कोबरा को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को दी इसके उपरांत डीएफओ के निर्देश पर एसडीओ आशीष खेलवार के मार्गदर्शन में जितेंद्र सारथी अपनी टीम के साथ तुरंत उस स्थान के लिए रवाना हुए। गांव पहुंचने के बाद सबसे पहले ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर किया गया और फिर तय प्रोटोकॉल के तहत रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। करीब एक से डेढ़ घंटे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में किंग कोबरा ने बार-बार फुफकार कर अपना रौद्र रूप दिखाया। सफल रेस्क्यू के बाद गांव और घर के लोगों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू के बाद नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया और फिर किंग कोबरा को उसके प्राकृतिक आवास क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

**खास बातें**

- वन विभाग की टीम ने देर रात को घंटों मशक्कत के बाद किया रेस्क्यू
- कोरबा वन मंडल के पसरखेत रेंज में रेस्क्यू किया गया था 15 फीट लंबा किंग कोबरा

**वर्ग-1 की श्रेणी में आता है किंग कोबरा**

डीएफओ कुमार निशांत ने आम जनों से अपिल किया है की किंग कोबरा, जिसे स्थानीय भाषा में पहरचित्ती भी कहा जाता है। वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम-1972 के अनुसार वर्ग- I में रखा गया है अर्थात इस जीव को छेड़ने, मारने या किसी भी तरह से नुकसान पहुँचाना अपराध कि श्रेणी में आता है, अतः जब भी आप के घरों के आस पास किंग कोबरा या अन्य कोई सांप दिखाई दे तो वन विभाग को सूचना दे या टोल फ्री नंबर 8817534455 पर सूचना दे। दुनिया का सबसे लंबा विषधर सांप है। इसकी लंबाई 20 फीट तक या इससे भी ज़्यादा हो सकती है। यह अन्य सांपों को खाकर जीवित रहता और उनकी जनसंख्या नियंत्रित करता है और विश्व का एकमात्र सांप है जिसकी मादा अपने अंडों के लिए पत्तो का घोंसला बनाती है और लगभग 3 माह तक उस घोंसले की रक्षा करती है। यह विशेषता इसके मातृत्व की अनोखी प्रवृत्ति को दर्शाती है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

### मंगल सूत्र की ठगी अपराध दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामसागरपारा तालाबपारा निवासी सुधा देवी उम्र 45 वर्ष पति ननकू दास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 27 अगस्त की सुबह 12 बजे घर पर थी उसका पति ननकूदास फेरी करने गया था। उसी समय एक व्यक्ति भीख माँगने आया और बोला कि आपका बच्चा गुमा है वो वापस आ जाएगा इसलिए आप लोग ज़्यादा परेशान रहते हो। जिसके उपरांत सुधा देवी द्वारा भिखारी को 5 रूपये दिए और घर से थोड़ा चावल लेकर आयी चावल और पैसा को भिक्षा माँगने वाले को दिये फिर भिखारी ने सुधा देवी के हाथ में काग़ज़ को रखा और सुधा देवी के मंगलसूत्र को निकालकर कागज में लपेटा फिर बोला कि इसे चुनरी में लपेटकर बाँधो और बोला कि शाम को खोलना फिर उसके जाने के बाद सुधा देवी ने चुनरी खोलकर देखा तो उसमें मंगलसूत्र नहीं था। सुधा देवी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### पति, सास, ननद के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एमआईजी- 68 राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस 2 निहारिका निवासी श्रद्धा बुंदेला उम्र 29 वर्ष पति राहुल सिंह बुंदेला ने बालको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका विवाह राहूल सिंह बुंदेला के साथ वर्ष 2019 में हुआ था। विवाह के बाद से कुछ समय तक श्रद्धा के ससुराल के लोगो के द्वारा उसके साथ में अच्छा व्यवहार किया गया। दाम्पत्य जीवन से एक पुत्र सूर्यांश बुंदेला उर्फ राघव बुंदेला उम्र एक वर्ष का है। वर्ष 2022 में राहुल अन्य महिला के संपर्क मे आने के बाद से ही श्रद्धा के साथ छोटी छोटी बातों को लेकर पहले तो मारपीट करने लगे और उसके बाद वर्ष 2023 से ही श्रद्धा के साथ में उसके माता पिता से विवाह के समय दहेज में कुछ भी नहीं दिये जाने का उल्लाहना देकर श्रद्धा को हमेशा मानसिक प्रताड़ना देते हुए अपमानित करने लगे और श्रद्धा को कहने लगे की अगर वह किसी दुसरे महिला से विवाह किया होता तो उसे अच्छा दान दहेज मिलता। इस बात को लेकर श्रद्धा के साथ आये दिन गाली गलौज कर उसे मायके से दहेज के नाम पर 5 लाख रुपए मांग कर लाने दबाव बनाते थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# 40वें चक्रधर समारोह में ईशिता देंगी नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गणेश चतुर्थी पर आयोजित होने वाला चक्रधर समारोह अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और शास्त्रीय संगीत-नृत्य की प्रस्तुतियों के लिए विश्वभर में विख्यात है। राजा चक्रधर सिंह जी की पुण्यतिथि पर प्रति वर्ष मनाए जाने वाले इस आयोजन का यह वर्ष 40वां ऐतिहासिक पर्व है।

27 अगस्त से 5 सितम्बर तक रायगढ़ के रामलीला मैदान में प्रतिदिन शाम 7 बजे से आयोजित होने वाले इस समारोह में देश-विदेश के ख्यात कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसी कड़ी में कोरबा की प्रतिभाशाली कथक नृत्यांगना ईशिता कश्यप अपनी एकल कथक नृत्य प्रस्तुति देंगी। उनका कार्यक्रम 2 सितम्बर की शाम 6 बजे निर्धारित किया गया है। ईशिता, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला व नृत्य गुरु पंडित मोरध्वज वैष्णव की शिष्या हैं और अब तक अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी कला से सराहना प्राप्त कर चुकी हैं। ईशिता की इस प्रस्तुति में उनके गुरु पं. मोरध्वज वैष्णव तबले पर संगत करेंगे। साथ ही नवीन महंत (हारमोनियम), लीलाधर वैष्णव (सितार) और साखू राम (बांसुरी) सह-कलाकार के रूप में अपनी संगति देंगे। आयोजन समिति का कहना है कि यह प्रस्तुति भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत के अद्भुत संगम का अनुभव कराएगी तथा समारोह का विशेष आकर्षण होगी। ईशिता कोरबा निवासी रघुनंदन कश्यप एवं अनिता कश्यप की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर नगरवासियों सहित प्रदेशभर से शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है।

# फुलसर में हाथियों ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा वनमंडल हाथियों का स्थायी ठिकाना बन चुका है और हाथी लगातार वनमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में घुसकर उत्पात मचाते हैं। कोरबी सर्किल के खुरूपारा में 33 तथा सखोदा में 9 हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि 10 हाथियों ने अन्यत्र रूख कर लिया है।

कोरबी सर्किल में मौजूद हाथियों के दल ने बीती रात फुलसर गांव में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान आधा दर्जन ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को बुरी तरह रौंद दिया। जबकि एक दंतैल हाथी अलग होकर बस्ती होते हुए कोरबी बस स्टैंड के समीप पहुंच गया और उसके पीछे एसईसीएल द्वारा निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया। जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं हाथियों को भगाते समय क्षेत्र में विनोद नामक एक युवक गिरकर घायल हो गया। बताया जाता है कि वन विभाग के अधिकारी हाथियों की निगरानी में जुटे हुए हैं पर विभाग के द्वारा हाथियों की आवाजाही के संबंध में क्षेत्रवासियों को मुनादी व लाउडस्पीकर से सूचना नहीं दी जा रही है जिससे ग्रामीण नाराजगी प्रकट कर रहे हैं। फसल नुकसानी का उचित मुआवजा देने की मांग भी की जा रही है लेकिन उन्हें पर्याप्त मुआवजा राशि नहीं दी जा रही है।

हाथी प्रभावित क्षेत्र में अधिकारियों का दौरा भी पिछले कई दिनों से नहीं हो रहा है, न ही हाथियों से बचाव के लिए विभाग की ओर से किसी प्रकार रोकथाम की जा रही है जिससे कभी भी जनहानि होने की आशंका बनी रहती है। विभाग के रवैये से ग्रामीणों में नाराजगी व निराशा है जो कभी भी विस्फोटक रूप ले सकता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411